## खबर संक्षेप

### चंडिका देवी मंदिर की धार्मिक आयोजन 25 से

**कटनी**। चंडिका नगर स्थित मां चंडिका देवी मंदिर की 19वीं वर्षगांठ 25 जून को मनाई जाएगी। इस अवसर पर पवनपुत्र रामभक्त हनुमानजी की भव्य प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा भी की जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट समिति के अनुसार आयोजन की शुरुआत 24 जून को शाम 4 बजे विशाल कलश यात्रा से होगी। यह यात्रा पन्ना मोड़ मंडी रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से गाजे-बाजे और धार्मिक उत्साह के साथ निकाली जाएगी। 25 जून, एकादशी के दिन मां चंडिका देवी मंदिर की 19वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिर में संगीतमय रामचरित मानस का अखंड पाठ प्रारंभ होगा। आयोजन के अंतिम दिन 26 जून को सुबह 9 बजे मानस पाठ का समापन होगा, जिसके बाद पूर्णाहुति हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी ने क्षेत्र एवं शहर के धर्मप्रेमी नागरिकों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है।

### मुड़वारा से हैदराबाद तक सीधा रेल संपर्क

**कटनी**। केंद्र सरकार ने रीवा से हैदराबाद (चर्लपल्ली) के बीच नई रेल सेवा शुरू करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। सांसद वी.डी. शर्मा के विशेष आग्रह पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई ट्रेन रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस (20158-20157) के संचालन को औपचारिक स्वीकृति दे दी है। यह ट्रेन कटनी मुड़वारा स्टेशन होते हुए संचालित होगी, जिससे कटनी एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने जानकारी देते हुए बताया कि नई रेल सेवा के शुरू होने से कटनी मुड़वारा स्टेशन से यात्रियों को पहली बार हैदराबाद (चर्लपल्ली) के लिए सीधा रेल संपर्क उपलब्ध होगा। इससे छात्रों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों तथा दक्षिण भारत में कार्यरत क्षेत्रवासियों को यात्रा के दौरान कनेक्टिंग ट्रेनों की परेशानी से राहत मिलेगी और समय की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन रीवा, कटनी मुड़वारा और खजुराहो क्षेत्र के लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी। हैदराबाद जैसे प्रमुख महानगर से सीधा जुड़ाव होने से शिक्षा, रोजगार, व्यापार और पर्यटन के नए अवसर भी खुलेंगे।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**कटनी**। सेवानिवृत्त न्यायाधिपति अजय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में विश्राम भवन, माधवनगर 9 जून को दोपहर 11 बजे जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की सचिव एवं लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह ने पुलिस अधीक्षक, आयुक्त नगर निगम, जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग संभाग कटनी और महाप्रबन्धक, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इकाई कटनी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जलभराव से निपटने तैयारियों की समीक्षा

**कटनी**। आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विगत वर्षों में जलभराव प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों में की जा रही तैयारियों की निगमायुक्त तपस्या परिहार ने समीक्षा कर जलभराव संभावित क्षेत्रों में सुगम एवं त्वरित जल निकासी सुनिश्चित करने नालों की सफाई का प्रगतिरत कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। साथ ही नालों एवं ड्रेनेज तंत्र का नियमित निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की बाधा को तत्काल दूर करने के साथ ही सफाई कार्य के दौरान खुले चेंबरों को प्राथमकिता से ढकनें के निर्देश दिए। ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## ग्राम सरसवाही का मामला, अधिकारी की बेसुधी से माफिया गिरोहों की मौज

# खनिज संपदा को लूट रहे माफिया अधिकारी बेपरवाह, राजस्व की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद



खनिज संपदा का अवैध दोहन करने के लिये माफियाओं में होड़ मची है। रेत, मुरूम, बाक्साइड, आयरन ओर सहित अन्य तरह की खनिज संपदा का बेजा उत्खनन कर माफिया मालामाल हो रहे है, दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली के चलते सरकार को तगड़ी राजस्व हानि हो रही है। स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में खनिज माफिया सक्रिय है। एक स्थान पर कार्यवाही के बाद माफिया दूसरी जगह खनन शुरू कर देते हैं। कुछ महीनों की शांति के बाद माफियाओ द्वारा न केवल भूला-टिकरिया में दोबारा दोहन कर रहे हैं बल्कि अब पड़ोस के सरसवाही क्षेत्र में भी बाक्साईट खनन का काम शुरू कर दिया गया है।

गौरतलब है कि जनवरी-फरवरी के महीने में जब भूला टिकरिया मै मुरम का अवैध उत्खनन चल रहा था तो प्रशासन का विरोध होने के बाद अफसरों ने आनन-फानन में दौड़ लगाकर कुछ दिन के लिए काम रुकवा दिया था।तब ग्रामीणों को लगा था कि अब उनकी उपजाऊ जमीन और सुरक्षित सड़कें वापस मिल जाएंगी।लेकिन चंद माह बाद फिर से खनिज माफिया गिरोह सक्रिय हो गया है। ग्राम भूला खसरा नं. 54 और टिकरिया खसरा नं. 92, 219 की शासकीय भूमि पर एक बार फिर भारी पोकलेन मशीननों से खुदाई का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### सरसवाही में बॉक्साईट का खनन

भूला-टिकरिया के ग्रामीणों ने लामबंद होकर मुख्यमंत्री तक शिकायत भेजने की तैयारी की तब माफिया ने रातों-रात अपनी रणनीति बदल ली। प्रशासन को चकमा देने के लिए अब सरसवाही क्षेत्र को नया 'सेफ जोन' बना लिया गया है। पोकलेन और हाईवा के काफिले को अब सरसवाही की शासकीय और वन भूमियों की तरफ मोड़ दिया गया। भूला-टिकरिया में विरोध होने पर वहां काम धीमा कर दिया जाता है और उसी दौरान सरसवाही में दोगुनी रफ्तार से उत्खनन कर भरपाई कर ली जाती है। ओवरलोड ट्रकों के वजन से गांव की अंदरूनी सड़कें पूरी तरह धंस चुकी हैं। उपजाऊ मिट्टी को बेतरतीब फेंकने से किसानों की जमीन बंजर हो रही है।

### रातभर हो रहा उत्खनन

मिली जानकारी के तहत खनिज माफियाओ द्वारा रात्रि में खनन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही बिना किसी वैध रायल्टी के हजारों टन कीमती बॉक्साइट धड़ल्ले से निकालकर विक्रय किया जा रहा है, जिससे शासन को करोडो का चूना लगाया जा रहा है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम प्रदीप मिश्रा का कहना है कि स्लीमनाबाद तहसील के भूला - टिकरिया व सरसवाही ग्राम में बॉक्साईट के अवैध रूप से खनन करने का मामला प्रकाश मै आया है। खनिज व राजस्व विभाग के अमले को भेजकर स्थिति का जायजा लिया जायेगा। यदि अवैध रूप से बॉक्साईट का खनन पाया गया तो माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जायेगी।

# आवेदनों के निराकरण में लापरवाही पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्यवन हेतु जिले में 21 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने समस्त विभाग प्रमुखों, पदाभिहित अधिकारियों एवं अपीलीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया है कि पदाभिहीत अधिकारी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के पूर्व किया जाना सुनिश्चित करें, यदि किसी आवेदन को निरस्त किया जाता है, तो आदेश में उसके स्पष्ट कारणों का उल्लेख करना अनिवार्य है।

प्रथम अपीलीय अधिकारी को अधिकार दिया गया है कि वे स्वप्रेरणा से अपने अधीनस्थ किसी भी पदाविहीत अधिकारी के समक्ष ऐसे आवेदन जिसमें समय-सीमा में कार्यवाही नहीं हुई है, अथवा जिन्हें अस्वीकार्य कर दिया गया है, उनका अभिलेख बुलाकर यथोचित आदेश पारित करें एवं यदि पदाभिहीत अधिकारी द्वारा जानबूझकर सेवा देने में विलंब किया गया है या इंकार किया गया है तो उस पर शास्ति अधिरोपित किये जाने के प्रयोजन से प्रकरण को द्वितीय अपीलीय अधिकारी की ओर भेज सकते हैं।

इसके साथ ही प्रत्येक दिवस लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदन एवं एक दिवस समाधान के आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही कलेक्टर ने कहा है कि एक दिवस समाधान के प्राधिकृत अधिकारी लोक सेवा केन्द्र मे नियमानुसार उपस्थित होकर निराकरण सुनिश्चित करें अन्यथा जिम्मेदारी तय की जावेगी। रिकार्ड रूम एवं तहसील स्तरीय रिकार्ड रूम से नकल संबंधी आवेदनों का निराकरण भी निर्धारित समय-सीमा के 1 दिवस पूर्व कर लोक सेवा केन्द्र को प्रेषित करना अनिवार्य किया गया है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि ऐसे आवेदनों पर जिसमें आवेदक द्वारा चाही गई सेवा या अपील को जानबूझकर निर्धारित समय में नहीं दी गई है अथवा बगैर किसी कारण के उसका आवेदन निरस्त कर दिया गया है। उन पर द्वितीय अपीलीय अधिकारी को अधिनियम के तहत पदाभिहीत अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी को आर्थिक दण्ड अधिरोपित किये जाने का अधिकार है।

# कृपलानी वार्ड में 28 लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नगर के अधोसंरचनात्मक विकास को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को आचार्य कृपलानी वार्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, एमआईसी सदस्यों एवं अन्य पार्षद-जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लगभग 28.06 लाख रुपये की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर भूमिपूजन स्वर्गीय पार्षद ईश्वर बहरानी के परिवारजनों एवं गणमान्य नागरिकों रूपचंद बहरानी, चमनलाल आनंद, पीतांबर टोपनानी सौरभ बहरानी एवं रोहित बहरानी के कर-कमलों से संपन्न कराया गया।

भूमिपूजन के अंतर्गत डायमंड स्कूल के पीछे विकास इंडस्ट्रीज तक 7.72 लाख रुपये की लागत से आर.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य, मुख्य मार्ग निरंकारी भवन से तोलतराम कलवानी के घर तक 4.05 लाख रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य तथा पोपटानी गली से कुम्हार मोहल्ला साईं मंदिर मोड़ तक 16.29 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी तथा नागरिकों को बेहतर आवागमन एवं जल निकासी व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्वश्री डॉ. रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुमन राजू माखीजा, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, गोविंद चावला आदि की उपस्थिति रही।

## विशेष अभियान के तहत लंबित शिकायतों का किया जाएगा निराकरण

**कटनी**। जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी विभाग प्रमुखों एवं लेवल-1 तथा लेवल-2 अधिकारियों को निर्देशित किया है। श्री तिवारी ने निर्देश में कहा अधिकारी सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों का अवलोकन कर उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण दर्ज करें। जिन प्रकरणों में शासन स्तर पर कार्यवाही संभव नहीं है, उनमें संबंधित विभाग के लेवल-3 अधिकारी को 11 जून तक 'फोर्स क्लोज' अथवा 'स्पेशल क्लोज' का प्रस्ताव भेजना अनिवार्य होगा। बिना ठोस कारण के स्पेशल क्लोज करने पर रोक लगाई गई है।

निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि 100 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों में अपेक्षित सुधार नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा टीएल बैठक में की जाएगी। इसके अतिरिक्त, 12 जून से 18 जून के बीच शिकायतकर्ताओं से सीधे संपर्क किया जाएगा या उन्हें शिविरों में आमंत्रित कर शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा की जाएगी। यदि निराकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

## जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत जिले में जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा मलेरिया जागरूकता रथ को रवाना किया गया। सोमवार को सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रथ को प्रस्थान कराया। यह रथ जिले के सभी ब्लॉकों के हाईरिस्क ग्रामों में भ्रमण कर लोगों को मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक करेगा। रथ के माध्यम से ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने, जल जमाव रोकने और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही रथ में मलेरिया जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे भ्रमण स्थलों पर बुखार से पीड़ित लोगों की जांच की जाएगी। मलेरिया पॉजिटिव पाए जाने पर तत्काल नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने बताया गया कि संक्रमित मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से मलेरिया फैलता है, जिससे बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग और स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं आशा कार्यकर्ताओं के पास मलेरिया जांच की सुविधा उपलब्ध है।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखी खेलों की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद



तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा ग्रीष्म कालीन समर कैंप आयोजित किया गया जो 5 मई से प्रारम्भ होकर 5 जून तक चला। प्रतिदिन सुबह प्रार्थना सभा, योगा कला ,गायन ,वादन, नृत्य ,व्यायाम एवं खेल गतिविधियां आयोजित गई साथ ही । वालीबाल , खो खो, कबड्डी , दौड़ ,रस्सी कूद खेलों की गतिविधियों हुई। खेल प्रशिक्षको के द्वारा स्कूली बच्चों को खेल की बारीकियां महीने भर सिखाई गई जिनमें बालक_बालिकाओ ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

महीने भर चले ग्रीष्म कालीन समर कैम्प का समापन सोमवार को हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल समन्वयक चेतना झा ने कहा कि इससे बच्चों में मानसिक ,बौद्धिक एवं शारीरिक विकास संतुलित होगा। बच्चो ने ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग कर खेलों की बारीकिया सीखी ।बच्चों को प्रतिभावान बनाने के लिए इस समर कैंप का आयोजन किया गया ।समर कैंप पर प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। 109 खिलाड़ियों को वॉलीबाल ,खो-खो, कबड्डी एवं फुटबाल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### वितरित किये प्रशस्ति पत्र

समर कैम्प समापन कार्यक्रम मै थाना प्रभारी सुदेश सुमन के द्वारा सायबर सुरक्षा के संबंध मै खिलाड़ियों को जागरूक किया।इस दौरान स्कूल प्रबंधक संजय दुबे, उपेंद्र मिश्रा, बी सी भट्टाचार्य, सौरभ राजपूत, राकेश विश्वकर्मा, सलमान अहमद, शुभम प्यासी ,शिव सिंह सहित अन्य जन उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों के बच्चो का को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। थाना प्रभारी ने बच्चों को खेल मे अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है खेलों से ही हम अपनी शारीरिक क्षमताओं को बढ़ा सकते है।

## बड़वारा थाना के ग्राम पथवारी स्थित डैम में हुई घटना, जांच जारी

# महानदी डैम में नहाने के दौरान डूबा युवक, 14 घंटे बाद निकाला गया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पथवारी महानदी डैम में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक बलराम चौधरी नहाते समय डूब गया था। युवक की तलाश के लिये प्रयास शुरू किये गये। करीब 14 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सोमवार को एनडीआरएफ की टीम ने युवक के शव को बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम खरखरी निवासी 24 वर्षीय बलराम चौधरी रविवार को छुट्टी के दिन अपने दोस्तों के साथ घूमने और नहाने के लिए पथवारी महानदी डैम आया था। नहाते समय वह गहरे पानी की तरफ चला गया और डूबने लगा। उसके दोस्तों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके। हादसे की खबर तुरंत बड़वारा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोकल गोताखोरों की मदद से रविवार शाम को ही पानी में खोजबीन शुरू की। हालांकि, अंधेरा हो जाने की वजह से रात में बचाव काम को रोकना पड़ा।

सोमवार सुबह एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। प्रशासन और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम ने करीब 14 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार को युवक की लाश को डैम से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बड़वारा थाना प्रभारी के. के. पटेल ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों और युवाओं से अपील की है कि वे ऐसे गहरे और खतरनाक जलाशयों में नहाने या पिकनिक मनाने न जाएं, क्योंकि थोड़ी सी भी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि पथवारी महानदी डैम में हुआ यह कोई पहला हादसा नहीं है। बीते दो महीनों के भीतर ही यहां डूबने से यह दूसरी मौत है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब डेढ़ महीना पहले ही 21 अप्रैल को कोतवाली थाना इलाके के राहुल बाग के रहने वाले अंशुल सिंह की भी इसी डैम में डूबने से मौत हो गई थी। डैम के आस-पास न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही कोई गार्ड तैनात किया गया है। इसकी वजह से अनजान युवा गहरे पानी में उतर जाते हैं और अपनी जान गंवा बैठते हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि संकेतक बोर्ड एवं सुरक्षा की व्यवस्था की जाये।

## निगमायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# अधिकारियों को दी सख्त हिदायत, जवाबदारी के साथ निभायें दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा सोमवार को निगम के एम आई सी सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक में शासकीय योजनाओं, विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, महापौर जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार संबंधी पत्रों तथा फैक्ट न्यूज़ मामलों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों एवं प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अमृत योजना के तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर कराये जा रहे सीवर लाइन एवं पाईपाइन विस्तार की प्रगति की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने शेष कार्य को गति प्रदान कर रेस्टोरेशन का कार्य वर्षा ऋतु के पूर्व प्राथमिकता से पूर्ण करने तथा वर्षा ऋतु एवं नागरिकों के सुगम आवागमन एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए नवीन स्थल पर रोड कटिंग का कार्य नहीं करने के निर्देश दिए। तथा बारिश के पूर्व सड़कों का पेंचवर्क कराने की दिशा में प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आईएचएसडीपी योजना के अंतर्गत प्रेमनगर में बिना आवेदन एवं अवैध रूप से निवासरत व्यक्तियों के सर्वे की वर्तमान स्थिति, नोटिस एवं भवन रिक्त कराने की कार्यवाही की समीक्षा कर इस कार्य हेतु गठित दल को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए ऐसे हितग्राहियों जिन्हे पूर्व में भवन आवंटित होनें के पश्चात भी पजेशन प्राप्त नहीं हुआ उक्त प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने निगम से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की स्वास्थ्य, अतिक्रमण, विद्युत, सीवेज सहित अन्य शाखाओं के सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों, 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों की शाखावार समीक्षा कर अधिकारियों को रोजाना शिकायतों पर कार्यवाही कर लंबित प्रकरणों का रिव्यू करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपने सलाह देते हुए कहा यदि विभाग समय पर अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा तो नागरिकों को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने की आवश्यकता नहीं पडेंगी।

समीक्षा बैठक के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत विभिन्न तीन श्रेणियों 15 हजार, 25 हजार एवं 50 हजार हेतु निर्धारित लक्ष्य के विपरीत अब तक प्राप्त कुल आवेदन, निरस्त आवेदन, बैंकों को प्रेषित आवेदन एवं ऋण स्वीकृति आवेदन की समीक्षा कर कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए 15 दिवस में रैंकिंग में सुधार लाने तथा शासन निर्देशानुसार आयोजित लोक कल्याण मेले में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने बैठक के दौरान संबल योजना के लंबित प्रकरणों, ई-के.वाई.सी के कार्य एवं बीपीएल सर्वे कार्य की भी समीक्षा की।

# महापौर जन सुनवाई आज, समस्याओं का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से आयोजित की जा रही महापौर जनसुनवाई अब एक भरोसेमंद और प्रभावी व्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुकी है। यह पहल नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समाधान की प्रक्रिया को सरल और तेज बना रही है।

इसी क्रम में 9 जून, मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में महापौर जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शहर के नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बात रख सकेंगे।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को सुगम, सहज और समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से न केवल समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाता है, बल्कि संबंधित विभागों को मौके पर ही निर्देश देकर उनके त्वरित निराकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जाती है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम प्रशासन लगातार इस दिशा में प्रयासरत है कि नागरिकों को अलग-अलग शाखाओं के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप

### बिरसा मुंडा वार्ड में पेवर ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन

**कटनी।** बिरसा मुंडा वार्ड, पुरैनी स्थित आधारकाप रोड में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद नन्हींबाई तुलाराम गोटियाँ, मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास कर नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन, स्वच्छ वातावरण एवं बेहतर नागरिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती नन्हींबाई गोटियाँ ने कहा कि वार्डवासियों की लंबे समय से पेवर ब्लॉक निर्माण की मांग थी, जिसके पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी।

### दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के आरोपित को भेजा जेल

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी महेंद्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम महनेर निवासी रोहित चौधरी उसे जबरन स्कूटी पर बैठाकर करौंदी आश्रम के पीछे जंगल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर उमरियापान थाना में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और उसे 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल कटनी भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल, उप निरीक्षक मेघा मिश्रा, उप निरीक्षक भरत सिंह मार्को, सहायक उप निरीक्षक गया प्रसाद मंगोरे, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी तथा आरक्षक मोहन मुवेल, सतेन्द्र चौरसिया, योगेश पटेल और नीलेश पटेल की विशेष भूमिका रही।

### पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

**कटनी।** विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत मझगवां फाटक में क्षीर धारा योजना के अंतर्गत पशुपालक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पशुपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं जैसे आचार्य विद्यासागर योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना, डेयरी प्लस योजना, बकरी पालन योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पशु टैगिंग, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित पशु पोषण, गौरस एप के उपयोग एवं कृत्रिम गर्भाधान जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने पशुपालकों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

### कलेक्टर ने ली बैठक, गैरहाजिर रहे परियोजना अधिकारी एवं बीईओ का कटेगा वेतन

# मंडरा रहा खतरा: खस्ताहाल भवनों में कक्षाएं संचालित नहीं करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि समितियों एवं निजी विक्रेताओं द्वारा किसानों को उर्वरकों का वितरण ई-विकास प्रणाली के तहत ही किया जाएगा। अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी या समस्या नहीं हो। इसके लिये उन्होंने समिति प्रबंधक व मैदानी कृषि अमले को पटवारियों से समन्वय कर फार्मर आईडी से खसरा लिंक करने (बकेटिंग) के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक से अनुपस्थित बड़वारा के परियोजना अधिकारी और बीईओ का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने 'लाड़ली बहना योजना' से संबंधित लंबित शिकायतों की परियोजनावार समीक्षा करते हुये शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि पटवारियों के साथ बैठक आयोजित कर पीएम किसान योजना से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का विश्लेषण करें और अपात्र किसानों की शिकायतों को फोर्स क्लोज करायें। बैठक में जल संसाधन, खनिज, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, खाद्य, वन, कृषि, स्कूल शिक्षा, नगरीय विकास से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की भी समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 12 से 18 जून की अवधि में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड, नगरीय निकाय मुख्यालयों पर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण हेतु आयोजित होने वाले 3 दिवसीय शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए। साथ ही इन कैंपों में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाने और श्रम योगी मानधन योजना में श्रमिकों का पंजीकरण कराने के भी निर्देश दिए।

#### कक्षाओं को करें स्थानांतरित

बारिश के मद्देनजर कलेक्टर ने स्कूल और आंगनवाड़ी भवनों का असेसमेंट कराने को कहा है। उन्होंने जर्जर भवनों की पहचान कर बच्चों की सुरक्षा हेतु कक्षाओं को सामुदायिक केंद्रों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को लंबित नामांतरण और बंटवारा प्रकरणों का समय-सीमा में निपटारा करने की हिदायत दी। उन्होंने समग्र ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए जनपद पंचायत कटनी, रीठी और बड़वारा को विशेष निर्देश दिए। साथ ही विद्युत विभाग को जिले की औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की ट्रांसफर पॉलिसी के अनुरूप ही कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रस्ताव अगले दो दिनों के भीतर प्रस्तुत किए जाएं।

#### इन बिंदुओं की भी हुई समीक्षा

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति, लाड़ली लक्ष्मी योजना के नवीन पंजीकरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और सैम-मैम बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने पैक्स में नवीन सदस्यता पंजीयन, संबल योजना के लंबित आवेदन और अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## अनाधिकृत बोर कराने पर मशीन जब्त, तीन लोगों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अनाधिकृत रूप से बोरवेल खनन किये जाने पर उमरियापान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बोरिंग मशीन जब्त कर तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी महेंद्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टोला निवासी छोटू लोधी अपने घर की बाड़ी में बिना सक्षम अनुमति के बोरवेल खनन करा रहा है।सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां बोरिंग मशीन क्रमांक KA-01-MH-6166 से खनन कार्य करते हुए चालक रामभजन कोल निवासी ग्राम मजौली, थाना सिहोरा मिला। पुलिस द्वारा अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगने पर वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

पूछताछ में उसने बताया कि वह मशीन एजेंट रामभूषण मिश्रा निवासी ग्राम हरदुआ, थाना सिहोरा के कहने पर मजदूरी पर कार्य कर रहा था।पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए बोरिंग मशीन जब्त कर ली। जांच में कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर थाना उमरियापान में अपराध क्रमांक 179/2026 दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने इस मामले में मशीन चालक रामभजन कोल, मकान मालिक छोटू लोधी तथा मशीन एजेंट रामभूषण मिश्रा के विरुद्ध धारा 223 बीएनएस एवं मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 9 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल के निर्देशन में सउनि कोदूलाल दाहिया एवं सउनि गयाप्रसाद मंगोरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति किए जाने वाले बोरवेल खनन के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

*एसडीएम की पहल, जन भागीदारी से चार किमी में लगाए जाएंगे पौधे*

## रुपनाथ धाम मार्ग ओढ़ेगा हरियाली चादर, बनेगा पर्यावरण पथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



कैमूर पर्वत श्रृंखला की गोद में स्थित प्राकृतिक एवं धार्मिक महत्व के पवित्र स्थल रूपनाथ धाम तक पहुंचने वाला मार्ग अब पर्यावरण पथ के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने एक अनूठी पहल की है जिससे सिदुरसी से रुपनाथ धाम मार्ग हरियाली चुनर ओढ़ेगा। जन भागीदारी से चार किलोमीटर मार्ग पर फल व छायादार पौधे लगाए जायेंगे।

#### टूरिज्म क्षेत्र का होगा विस्तार

एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बहोरीबंद-सिहोरा मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम सिन्दुरसी से रूपनाथ धाम तक लगभग चार किलोमीटर लंबे मार्ग के दोनों किनारों पर दस-दस फीट की दूरी पर वृक्षारोपण किया जाएगा। दोनों ओर मिलाकर यह हरित पट्टी लगभग आठ किलोमीटर लंबाई में विकसित होगी। पर्यावरण पथ के अंतर्गत पीपल, आम, महुआ, खामेर, नीम, जामुन, कदम, गुलमोहर, सप्तपर्णी और करंज सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। रुपनाथ मार्ग पर पर्यावरण पथ बनने से रुपनाथ धाम के साथ ही पर्यावरण पथ भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। गर्मियों सहित अन्य मौसम में भी लोग सड़क पर छावं का आनंद ले सकेंगे।

#### ड्रिप एरिगेशन से होगी सिंचाई

एसडीएम ने बताया कि इन पौधों के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड लगाए जाएंगे तथा ड्रिप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से नियमित पानी की व्यवस्था की जाएगी, जिससे पौधे तेजी से विकसित होकर मार्ग को हराभरा बना सकें।पेड़ो के रखरखाव व ड्रिप सिस्टम संचालित करने के लिए चौकीदारों की भी नियुक्ति की जायेगी। एक सप्ताह के भीतर वृक्षरोपण का कार्य शुरू कर दिया। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है। प्रशासन इसे जनसहयोग के माध्यम से पूरा करेगा। आम नागरिक भी अपने परिजनों की स्मृति में पौधे लगाकर इस अभियान में सहभागिता कर सकेंगे। परियोजना के तहत मार्ग के दोनों ओर चूने की मार्किंग का कार्य शुरू कर दिया गया है।इससे पहले विश्व पर्यावरण दिवस पर एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ पूरे मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार आशीष अग्रवाल, जनपद पंचायत सीइओ अभिषेक कुमार, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## पशुपालकों को दी गई योजनाओं की जानकारी




क्षीर धारा ग्राम योजना के अंतर्गत पशुपालकों की आय बढ़ाने एवं दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम खिरवा में पशु उपचार, बांझपन निवारण एवं पशुपालक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम के 41 पशुपालकों ने सहभागिता कर लाभ प्राप्त किया। उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 35 पशुओं का बांझपन उपचार, 5 पशुओं का गर्भ परीक्षण, 1 पशु का कृत्रिम गर्भाधान एवं 4 नरों का बधियाकरण किया गया। इसके साथ ही पशुपालकों के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें सिविल सर्जन डॉ. सुमंत वर्मा एवं डॉ. साकेत मिश्रा द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रीष्म ऋतु में पशुओं के पोषण एवं उचित प्रबंधन पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विभाग के नवाचार के तहत शिविर में पशुपालकों को पशु चारा एवं दाने से संतुलित आहार तैयार करने, फीड फॉर्मूलेशन तथा 'गौरस ऐप' के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। सभी पशुपालकों को ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त चारा विकास योजना अंतर्गत स्वीट सूडान चारे के बीज वितरण हेतु पशुपालकों के आवेदन भी भरवाए गए।

## नाबालिग का अपरण कर दुष्कर्म के आरोपित को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना की बिलहरी चौकी पुलिस ने "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत अपहृत नाबालिग बालिका को इंदौर से सकुशल दस्तयाब किया है साथ ही अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी उपनिरीक्षक सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार 24 मई 2026 को एक व्यक्ति ने थाना कुठला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्ष 8 माह की पुत्री घर से लापता हो गई है। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिलहरी चौकी एवं कुठला थाना पुलिस ने परंपरागत और तकनीकी संसाधनों की मदद से जांच शुरू की। जांच के दौरान नाबालिग बालिका के इंदौर में होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम तत्काल इंदौर रवाना हुई और बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। वैधानिक कार्रवाई के बाद बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने आरोपी को 6 जून 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल कटनी भेज दिया गया।

### एसपी ने थाना प्रभारियों का किया स्थानांतरण

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा कई थाना प्रभारियों का तबादला किया है। इसके साथ ही स्थान पर पांच वर्ष से अधिक समय से पदस्थ पुलिसकर्मियों का भी स्थानांतरण किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाहक निरीक्षक अखिलेश दाहिया को कुठला थाने की कमान सौंपी है। एसपी के आदेश अनुसानुसार ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे को विजयराघवगढ़ थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं रिक्त हुए ढीमरखेड़ा थाने की जिम्मेदारी निरीक्षक महिमा रघुवंशी को सौंपी गई है। विजयराघवगढ़ के तत्कालीन थाना प्रभारी रितेश शर्मा को पुलिस लाइन संबद्ध किया गया है। विभिन्न थानों एवं चौकियों में पांच वर्ष से अधिक समय से पदस्थ अन्य पुलिसकर्मियों के तबादले भी किए गए हैं। सभी कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर आमद देने के निर्देश दिये हैं

*गठित समिति द्वारा की गई जांच के दौरान सामने आई थी खामियां*

## स्लैब कलवर्ट कम स्टॉप डैम में मिली खामियां, 10 दिन में सुधार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पिपरिया शुक्ल में डीएमएफ एवं मनरेगा मद से निर्मित स्लैब कलवर्ट कम स्टॉप डैम के निर्माण कार्य में तकनीकी खामियां पाए जाने के बाद ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश जारी किए हैं।

#### टीम ने किया था निरीक्षण

कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, जिला खनिज प्रतिष्ठान (DMF) कटनी के निर्देश पर गठित जांच समिति ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था।जांच प्रतिवेदन में निर्माण कार्य में कई तकनीकी त्रुटियां सामने आईं, जिनके सुधार हेतु आदेश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि स्टॉप डैम के गेटों को धरातल पर सही तरीके से फिक्स किया जाए ताकि पानी का भराव सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा स्लैब के बियरिंग कोट में निर्धारित मानकों के अनुसार कैम्बर सुधारने तथा डाउनस्ट्रीम स्लैब में पाए गए जॉइंट क्रैक का तकनीकी रूप से मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यपालन यंत्री ने अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग रीठी को निर्देशित किया है कि सभी सुधार कार्य तत्काल पूर्ण कराए जाएं तथा कार्य पूर्ण होने के बाद विस्तृत प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जाए।

पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक सुधार कार्य नहीं होने अथवा प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस मामले की प्रतिलिपि कलेक्टर कटनी, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल जबलपुर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है। इससे स्पष्ट है कि प्रशासन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर है और तकनीकी खामियों पर जवाबदेही तय करने की तैयारी में है।

### पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण

## वीर सावरकर वार्ड में 60.18 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम कटनी द्वारा वीर सावरकर वार्ड में विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के समन्वित प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लगभग 60.18 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन कर किया गया।

#### सौगात पर जताया आभार

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने वार्ड में स्वीकृत विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर, क्षेत्रीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने के लिए आभार व्यक्त किया।

#### ये होंगे निर्माण कार्य

भूमिपूजन अंतर्गत वीर सावरकर वार्ड में 15 लाख रुपये की लागत से नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य, 26.38 लाख रुपये की लागत से आधारकाप अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य सहित 18.80 लाख रुपये की लागत से संत रविदास नगर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी तथा वर्षा काल में होने वाली समस्याओं से नागरिकों को राहत मिलेगी, साथ ही विद्यालय भवन निर्माण से शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

#### हर वार्ड तक सुविधाएं पहुँचाना हमारा संकल्प

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना ही नहीं, बल्कि नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने कहा कि मजबूत आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रयास भी समान रूप से आवश्यक हैं। इसी सोच के अनुरूप नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के साथ-साथ वृक्षारोपण अभियानों को भी निरंतर गति दी जा रही है।

क्षेत्रीय पार्षद श्री भास्कर ने कहा कि वीर सावरकर वार्ड में नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। नाली, पुलिया एवं विद्यालय भवन निर्माण कार्यों से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा तथा रहवासियों को लंबे समय तक इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी वार्ड के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

#### किया गया पौधारोपण

भूमिपूजन के पश्चात विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महापौर, क्षेत्रीय पार्षद एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

## जन शिक्षण संस्थान ने मनाया पर्यावरण दिवस




हरिभूमि ⏭ कटनी

जन शिक्षण संस्थान कटनी में गत दिवस अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया गया। जन शिक्षण संस्थान के लाभार्थियों के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बबीता सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया और संदेश दिया गया कि आज के दिन प्रति व्यक्ति को एक पौधा लगाना चाहिए क्योंकि पर्यावरण में यदि हरियाली रहेगी तो आसपास का वातावरण साफ रहेगा और ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में मिलेगी और प्रदूषण से बच सकेंगे इस कार्यक्रम में पर्यावरण को साफ स्वच्छ रखने की बात कही गई एवं कहा गया कि स्वच्छता ही जीवन है यदि आप स्वस्थ रहेंगे तो आपका जीवन भी अच्छा रहेगा इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी सहायक कार्यक्रम अधिकारी फील्ड कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## सड़क, औद्योगिक दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा पर मिलेगी हवाई सेवा एंबुलेंस

**दमोह।** समय सीमा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर.के. अठया ने पीएम श्री हवाई सेवा एंबुलेंस के बारे में प्रमुखता से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा दो स्वरूप में उपलब्ध है। सड़क औद्योगिक दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार हेतु निशुल्क एयर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाती है। वहीं जटिल बीमारी की स्थिति में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए राज्य के भीतर एवं बाहर के सरकारी व आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पतालों में ईलाज हेतु निशुल्क हवाई परिवहन सेवा तथा जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, राज्य के भीतर स्थित सरकारी अस्पतालों में ईलाज हेतु निशुल्क हवाई परिवहन सेवा उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही राज्य के बाहर किसी भी अस्पताल में अनुमोदित दरों पर सशुल्क सेवा भी उपलब्ध कराई जाती है।

## शासकीय हाई स्कूल मंगोला ने बढ़ाया नगर का गौरव

**दमोह।** विकासखंड बटियागढ़ अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मंगोला ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित EQIP-LEP मूल्यांकन में विद्यालय ने कक्षा 6वीं स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह सफलता विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह राजपूत के कुशल नेतृत्व, शिक्षकों की मेहनत एवं विद्यार्थियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय को दिनांक 5 जून 2026 को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय की इस ऐतिहासिक सफलता पर क्षेत्रवासियों एवं शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। विद्यालय परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

### जनसमस्याओं के समाधान में इच्छाशक्ति सबसे बड़ी ताकत, 1600 में से 1435 पेंशन प्रकरणों का हुआ निराकरण

# सकारात्मक सोच से बदलता है कार्य संस्कृति का माहौलः कलेक्टर

### समय-सीमा बैठक संपन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सीएम हेल्पलाईन की शिकायतें नान अटेंड न रहे, यदि ऐसी स्थिति पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। शिकायतो का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण ने समय सीमा बैठक के दौरान दिए। उन्होने कहा जिन विभागो ने अच्छा कार्य किया है, वे इसी तरह तत्परता से कार्य करते रहे। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित सभी एसडीएम और जिला अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने वर्षा और महासागर का उदाहरण देते हुए कहा छोटी-छोटी वर्षा की बूंदों का पूरे संसार को इंतजार रहता है, जबकि विशाल महासागर को वह सम्मान नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सकारात्मक बातें और प्रयास समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं, उन्होंने कहा जब लोगों की सोच बदलती है तो कार्य अपने आप होने लगते हैं। पहले कार्यालय में सहयोग की कमी की शिकायतें सुनाई देती थीं, लेकिन अब सभी अधिकारी और कर्मचारी सकारात्मक वातावरण में बेहतर कार्य करने के लिए आगे आ रहे हैं।

उन्होने कहा जिन पेंशन प्रकरणों को पहले असंभव बताया जा रहा था, उनका भी समाधान संभव हुआ। उन्होंने बताया कि जिन हितग्राहियों की पेंशन पिछले 9 महीनों से बंद थी, उनमें से 1600 प्रकरणों में 1435 का निराकरण प्रशासन की दृढ़ इच्छाशक्ति और आपसी विश्वास से किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसे किया न जा सके,आवश्यकता केवल मजबूत इच्छाशक्ति की है।

### पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा शुरु

समय-सीमा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठ्या ने पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा की जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा दो स्वरूपों में संचालित की जा रही है। सड़क दुर्घटना, औद्योगिक हादसे या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को त्वरित उपचार हेतु निशुल्क एयर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाती है।

### आयुष्मान कार्डधारकों को राज्य के भीतर और बाहर उपचार सुविधा

जटिल बीमारी की स्थिति में आयुष्मान कार्ड धारकों को राज्य एवं राज्य के बाहर स्थित सरकारी और आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पतालों तक निशुल्क हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

### गैर-आयुष्मान हितग्राहियों को भी मिलेगी सुविधा

जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उन्हें राज्य के भीतर सरकारी अस्पतालों तक निशुल्क हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं राज्य के बाहर उपचार के लिए अनुमोदित दरों पर सशुल्क एयर एंबुलेंस सेवा भी प्रदान की जाएगी।

### मार्गो पर संकेतक लगाये जाये

लोक निर्माण विभाग और अन्य सड़क निर्माण विभागो से कलेक्टर ने कहा पुल-पुलियो पर संकेतक शीघ्र लगवाया दिये जायें। यह कार्य तत्काल समय-सीमा में करा लिया जायें।

### लर्निंग लायसेंस कैम्प लगाये जायें

जिले के सभी महाविघालयों में लर्निंग लायसेंस के लिए प्लॉन तैयार कर केम्प आयोजित किए जाये, ताकि हर छात्र जिसे लर्निंग लायसेंस बनवाना हो, बनवा सके। अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य को पूर्ण प्लानिंग कर कार्यवाही सुनिश्चित कराने निर्देश दिए। इस आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव नें सुभाष कालोनी के नाले की सफाई की जानकारी लेते हुए कहा पूरे नाले की सुढ़ृण साफ-सफाई हो ताकि पुनः जल-भराव की स्थिति न बने। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण और नगरपालिका अधिकारी इसे सुनिश्चित करे।

## कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा श्रवण कर श्रोताओं ने लिया आनंद



**हटा।** नगर के थाना मंदिर प्रांगण में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री ने भगवान के जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि अपना जन्मदिन कभी केक काटकर नहीं मानना चाहिए केक काटना जीते जी पिंडदान करना है यह पश्चिमी सभ्यता है हमें अपनी भारतीय संस्कृति के अनुसार भगवान का पूजन अभिषेक कर देवालयों में दान-पुण्य मिठाइयां बांटकर मानना चाहिए। इसके ऊपर अंकित शास्त्री जी ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। जिसमें नंदोत्सव, कृष्ण बलराम का नामकरण संस्कार, ऊखल बंधन, माखन चोरी लीला की कथा के साथ पूतना वध एवं आखरी में गोवर्धन पूजा की कथा श्रवण कराई तथा गिरिराज जी भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। कलाकारों द्वारा छप्पन भोग के पद्दों का गायन कर गिरिराज जी महाराज की आरती उतारी गई। पावन पुरुषोत्तम मास के चलते श्री कौशलेंद्र सरकार मंदिर के बाद रामायण मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को निरंतर पांच दिनों से कथा श्रवण कराई जा रही है। पुरुषोत्तम मास के चलते कथा में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में श्रोता कथा श्रवण करने आ रहे है। भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बाल लीलाओं की कथा सुनाई जिसमें नंदोत्सव, कृष्ण बलराम का नामकरण संस्कार, ऊखल बंधन के साथ साथ माखन चोरी लीला की कथा विस्तार से सुनाते हुए कहा भगवान ने उन्ही गोपी के घर का माखन चुराया जिन्हें कृष्ण से प्रेम था। कृष्ण ने प्रेम रूपी माखन की चोरी की पदार्थ रूपी की नही इसलिए प्रसाद को भी पदार्थ की दृष्टि से नही लेना चाहिए प्रेम रूपी ही प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। इसके बाद पूतना वध एवं भागवत कथा के आखरी में गोवर्धन पूजा की कथा श्रवण कराई जिसमें ब्रज में जल वृष्टि होने के कारण सभी ग्वाल बालों ने गिरिराज जी की तलहटी में पहुंचकर शरण ली तथा कथा में गिरिराज महाराज को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। गिरिराज जी के पद गायन किया जिसमें सभी नर-नारी भागवत दरबार में झूमते नजर आएं।

**अपने जन्मदिन पर केक काटना जीते जी पिंडदान करना है : पं. वीरेंद्र शास्त्री**

## स्वस्थ जीवन शैली अपनाने निकाली साइकिल रैली

**दमोह।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) हटा द्वारा रविवार प्रातः 6:00 बजे "संडे ऑन साइकिलिंग" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन देशभर में एक साथ, एक समय पर संचालित किए गए अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत स्वस्थ जीवन शैली अपनाने एवं आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइकिल रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डाइट परिसर से हुआ, जो जवाहर नवोदय विद्यालय, दमोह नाका एवं प्रेमपुरा मार्ग से होते हुए पुनः डाइट परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।

## मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम पर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मानीटरिंग कमेटी की बैठक जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत जिले के उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी एवं विद्यार्थियों में बढ़ते आत्महत्या के मामलों को न्यून करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, बैठक में जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम, नशा मुक्ति, तनाव एवं समय प्रबंधन, छात्रावासों का निरीक्षण, कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण आदि पर विस्तृत चर्चा की गई, सभी शैक्षणिक संस्थानों में इमरजेंसी नम्बर, लिखवाने, हेल्प डेस्क गठित करने का निर्णय लिया गया। जुलाई 2026 में विद्यार्थियों एवं विद्यार्थियों के पालकों के लिये विद्यार्थियों के तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिला स्तरीय मानीटरिंग कमेटी के सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी, सामाजिक कल्याण संयोजक, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, डॉ. आलोक कुमार जैन, प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह तथा डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स के प्रभारी डॉ.आर.पी.अहरवाल, सहायक प्राध्यापक एवं डॉ. नेहा जैन सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## शक्ति चेतना पार्टी के कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**जबेरा।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 जबेरा में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के स्थापना दिवस (7 जून) के शुभ अवसर पर विधानसभा जबेरा के अंतर्गत ग्राम नोहटा में पार्टी के नए कार्यालय का भव्य एवं दिव्या शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक पल की मुख्य साक्षी बनी अतिथि भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला जी , जिन्होंने विधि-विधान से रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। पार्टी के स्थापना दिवस पर मिले इस नए कार्यालय से पूरे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं आम जनता में भारी उत्साह और खुशी का माहौल देखा जा रहा है। वर्तमान सरकार की भ्रष्टाचार और अनीति के खिलाफ जनता को मिला नया सहारा कार्यालय के उद्घाटन का उद्देश्य बताते हुए ओजस्वी बकता बहन पूजा शुक्ला ने कहा कि आज देश, प्रदेश एवं विशेषता विधानसभा क्षेत्र जबेरा में अनीति, अत्याचार , खनन माफियाओं एवं गुंडों और आधर्मियों का बोलबाला है। यह सारे अनैतिक कार्य सत्ता के संरक्षण में ही फल-फूल रहे हैं, जिसके खिलाफ आम आदमी अपनी आवाज उठाने से भी डरता है। यदि कोई इनके खिलाफ आवाज उठाता है तो उसे सत्ता की शक्ति के साथ कुचल दिया जाता है। ऐसे अंधकारमय माहौल में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जनता के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनकर उभरी है। पार्टी की प्राथमिकताएं और मुख्य मुद्दे,भारतीय शक्ति चेतना पार्टी हमेशा से राजनीति में शुद्धिकरण और समाज कल्याण के लिए संकल्पित रही है एवं आगे भी रहेगी। जबेरा में कार्यालय के खुलने से अब स्थानीय स्तर पर निम्नलिखित मुद्दों को और अधिक मजबूती से उठाया जाएगा। देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को सर्वोपरि रखना। गरीबों और वंचितों की आवाजः समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को उसका हक दिलाना। अवैध और वैध शराब के कारोबार व अन्य नशों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाना। वर्तमान में संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में सत्ता के संरक्षण में अवैध खनन माफियाओं का बोल वाला है इसके खिलाफ आवाज उठाना सरकारी तंत्र और सत्ता में बैठे लोगों की लूटपाट व तानाशाही को उजागर करना। इस नए कार्यालय के खुलने से जबेरा क्षेत्र के लोगों के बीच एक गहरा विश्वास जागा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अब उन्हें एक ऐसा मंच और एक ऐसी संवेदनशील पार्टी मिल गई है, जिसके सामने वे बिना किसी डर के अपने मन की बात रख सकते हैं। लोगों को भरोसा है कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कुशल नेतृत्व में यह कार्यालय क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का एक मजबूत आधार स्तंभ बनेगा। इस गरिमामय अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कर्मठ कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्र की माताओं - बहनों एवं प्रबुद्ध जनों, व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



## दमोह ताइक्वांडो अकादमी के 6 खिलाड़ी बने नेशनल रेफरी, बिलासपुर में ली ट्रेनिंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

खेल जगत में दमोह का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। स्थानीय बड़ा पुल स्थित दमोह ताइक्वांडो अकादमी के 6 होनहार खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय रेफरी सेमिनार में सफलतापूर्वक ट्रेनिंग पूरी कर ली है। अब ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में रेफरी की मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। अकादमी के संचालक मास्टर नीरज दुबे ने बताया कि बिलासपुर में 6,7 जून को आयोजित इस विशेष नेशनल रेफरी सेमीनार और ट्रेनिंग कैंप में दमोह से जया रैकवार, गुंजन जैन, इंतखाब खान, प्रियांशु रजक, अभिवंश दुबे और उजेर खान ने हिस्सा लिया। इस कड़े प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को वर्ल्ड ताइक्वांडो ज के सबसे लेटेस्ट और आधुनिक नियमों, फाउल, पॉइंट सिस्टम और खिलाड़ी सुरक्षा की बारीकियों से अवगत कराया गया। अब दमोह में तैयार होंगे नेशनल चौंपियन मास्टर नीरज दुबे ने जानकारी दी कि इस उच्च स्तरीय ट्रेनिंग से लौटने के बाद अब ये खिलाड़ी अकादमी के अन्य बच्चों को भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के नियमों के अनुसार तैयार करेंगे। रेफरी के नियमों की सटीक समझ होने से अब दमोह के खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं में अपनी तकनीक सुधारने और अधिक से अधिक मेडल जीतने में बड़ी मदद मिलेगी। नगर में हर्ष का माहौल खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर दमोह ताइक्वांडो अकादमी की महिला कोच निधि दुबे सहित खेल प्रेमियों, अभिभावकों और नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी 6 बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## रतन बजरिया सब्जी मंडी में वाहन पार्किंग से दुकानदार परेशान

**हटा।** नगर के रतन बजरिया स्थित सब्जी मंडी में सुबह से सराफा दुकानदार द्वारा जबरन वाहन पार्किंग किए जाने से परेशान सब्जी विक्रेताओं सहित अन्य दुकानदारों ने थाना प्रभारी सुधीर बेगी व नपा सीएमओ को शिकायत पत्र देकर व्यवस्थाएं बनाए जाने की मांग की है। दिए गए शिकायत आवेदन में दुकानदारों ने बताया कि रतन बजरिया में कई वर्षों से सुबह से दोपहर तक रोजाना नगर व क्षेत्र के सब्जी विक्रेता दुकानें लगाकर अपना जीवन यापन करते हैं लेकिन जहां सब्जी का बाजार लगता है वहां पर मोहित जड़िया उर्फ गौरव पिता मिलन जड़िया द्वारा उक्त स्थान पर जबरन दो फोर व्हीलर गाड़िया एवं दो टू व्हीलर गाड़िया रखी जाती है जिससे दुकानें नहीं लग पा रहे है। उक्त सराफा दुकानदार से सुबह के दौरान गाडियां न लगाएं जाने अनुरोध करने पर मोहित जड़िया द्वारा दुकानदारों को धमकाया जाता एवं गाली-गलौच की जाती है। मोहित जड़िया के इस कृत्य से दो-तीन दुकानदारों ने दुकानें लगाना बंद कर दी। बजरिया के दुकानदारों ने आवेदन देकर थाना प्रभारी से सुबह से दोपहर 12 बजे तक रतन बजरिया में गाड़िया पार्किंग न करने की व्यवस्था बनाए जाने की मांग की गई। आवेदन देने वालों में अंशुल गुप्ता, हल्ले पटेल, सुधीर सोनी, कृष्णकांत सोनी, रवि सोनी, संदीप सोनी, अजय चौरसिया, राजेंद्र, करूं नामदेव सहित दर्जनों लोग की उपस्थित रहे।

## हरिहर संत समागम की छांव में विष्णु पुराण व अतिविष्णु मनोकामना यज्ञ की हुई पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सनातन वैदिक परंपरा की अखण्ड मर्यादा एवं धर्ममयी चेतना के आलोक में विष्णु पुराण सहित यज्ञ आयोजन का पावन अनुष्ठान सम्पूर्ण हुआ, जिसमें हरिहर संत सम्मेलन अत्यन्त श्रद्धा, नियम और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। संत-समागम से सुशोभित यह आयोजन आध्यात्मिक साधना, लोकमंगल और सांस्कृतिक निष्ठा का जीवंत प्रतिरूप सिद्ध हुआ, जिसमें वैदिक आचार्यों द्वारा शुद्धिकरण, संकल्प तथा अग्न्याधान के उपरांत यज्ञ-क्रिया प्रारंभ से पूर्णाहुति पर्यन्त दिव्य तेज से आलोकित रही। वातावरण में गूँजते वेदघोष, स्वस्तिवाचन एवं मंगलपाठ ने समस्त क्षेत्र को पुरुषोत्तम मास में पुण्य-प्रवाह से अभिसिंचित कर दिया। विष्णु पुराण कथा के क्रम में श्रीहरि के सृष्टि-रहस्य, धर्म-स्थापना, भक्तवत्सलता तथा लोकपालन के प्रसंगों का भावपूर्ण निरूपण श्रीभगवान वेदांताचार्य जी ने किया। कथामृत का पान करते हुए श्रद्धालुजन भक्ति, वैराग्य एवं धर्मबोध की अनुभूति से आप्लावित होते रहे। पूर्णाहुति के शुभ क्षण में संत-महापुरुषों के वैदिक आशीर्वचनों के मध्य यज्ञाग्नि में समर्पित अंतिम आहुतियों के साथ महामंडलेश्वर अवध बिहारी दास महाराज द्वारा विश्वशांति, राष्ट्रकल्याण और मानवमात्र के मंगल की प्रार्थना की गई। संतों ने अपने वचनों में कहा कि यज्ञ और पुराण सनातन संस्कृति की आत्मा हैं, जो समाज को मर्यादा, सदाचार और आध्यात्मिक अनुशासन से जोड़ते हैं। वहीं संत-सम्मान समारोह में एकादश संन्यासियों सहित श्री वैष्णव विरक्त संत समाज, काशी मंडल की उपस्थिति रही, जिसमें महामंडलेश्वर श्री बालेश्वरदास जी महाराज, महंत डॉ. श्रवण दास जी महाराज, महंत मोहन दास जी महाराज, कोतवाल महंत सियाराम बाबा भक्त-मंडली के साथ उपस्थित हुए। यह समूचा समारोह भारतीय परंपरा की अविच्छिन्न धारा, संस्कृति-निष्ठ जीवन-मूल्यों तथा आध्यात्मिक एकता का उज्ज्वल साक्ष्य बनकर स्मरणीय हो उठा, जिसे काशी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर सदैव याद किया जाएगा।

## दस दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





हाइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड, नरसिंहगढ़ प्लांट, दमोह में यूनिट हेड के नेतृत्व एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर के क्षेत्रीय अधिकारी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के दस दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान का भव्य एवं सफल समापन समारोह संपन्न हुआ। "क्लाइमेट एक्शन (Climate Action)" की वैश्विक थीम पर आधारित इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण अभियान, प्रतियोगिताएं, ग्रामीण जनसंपर्क गतिविधियां तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किए गए। दस दिनों तक चले इस व्यापक अभियान में बच्चों, महिला समूहों, कर्मचारियों, श्रमिकों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न शासकीय अधिकारियों ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा एवं प्रभावशीलता को बढ़ाया।

अभियान के अंतर्गत दमोह जिले के विभिन्न गांवों में घर-घर संपर्क कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाया गया तथा लोगों को जल संरक्षण, वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। समापन समारोह के अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को यूनिट हेड महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों से "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाइडेलबर्ग सीमेंट के सभी कर्मचारियों, श्रमिक बंधुओं, परिवारजनों, ग्रामवासियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों तथा आयोजन समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पर्यावरण प्रमुख डॉ. अशोक तिवारी ने वरिष्ठ प्रबंधन के मार्गदर्शन एवं भारत सरकार के पर्यावरण संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभियान की संपूर्ण रूपरेखा का सफल संचालन किया। इसके अतिरिक्त, हाइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड की पथरिया माइंस एवं इमलाई ग्राइंडिंग यूनिट में भी विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों इकाइयों में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

नरसिंहगढ़ प्लांट, पथरिया माइंस एवं इमलाई ग्राइंडिंग यूनिट द्वारा संयुक्त रूप से संचालित इन पर्यावरणीय गतिविधियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन समारोह के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रकृति संरक्षण एवं सतत जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लिया तथा इस सफल आयोजन के लिए फैक्ट्री प्रबंधन एवं आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पुरुषोत्तम मास में बढ़ी धार्मिक आस्था



**हटा।** धार्मिक ग्रंथों के अनुसार पुरुषोत्तम मास का विशेष महत्व है। इस पवित्र माह में माताओं-बहनों की धर्म के प्रति आस्था और बढ़ जाती है। इस दौरान महिलाएं प्रतिदिन नए-नए धार्मिक आयोजन करती हैं और ईश्वर को विभिन्न वस्तुएं समर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित करती हैं। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के रामगोपाल जी वार्ड झिरिया वाले हनुमान जी मढिया परिसर में रोजाना परसोत्तम मास का महत्व एवं भगवान की कथा पंडित बृजेश दुबे द्वारा श्रवण कराई जा रही है एवं महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान महिलाएं रोजना संध्याकालीन मैं भक्ति भाव से भजन-कीर्तन कर भगवान की आराधना कर रही है जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय बना हुआ है। इस दौरान पंडित बृजेश दुबे ने बताया कि महिलाएं पूरे माह भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान भक्ति में लीन रहकर धार्मिक अनुष्ठान का धर्म लाभ लेती हैं।

## खास बातें

### नीट परीक्षा की तैयारी हेतु बैठक 12 जून को

**दमोह।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा 21 जून दिन रविवार को जिले के तीन परीक्षा केंद्रो केंद्रीय विद्यालय दमोह, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह तथा पी.एम श्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में नीट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त परीक्षा की तैयारी हेतु 12 जून दिन शुक्रवार प्रातः 11.00 बजे से तैयारी बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट दमोह के सभाकक्ष में किया गया है।

### राजेन्द्र बिदौल्या बने मप्र न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय सह-सचिव

**दमोह।** ग्वालियर से नव निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष रामकुमार प्रजापति द्वारा दिनांक 05 जून 2026 को प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला न्यायालय दमोह में पदस्थ राजेन्द्र बिदौल्या को प्रांतीय सह-सचिव बनाया गया। प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा उन्हे नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं देते हुए न्यायिक कर्मचारियों के हित में कार्य करने हेतु मार्गदर्शित किया गया। आज दिनांक को उनके द्वारा मान. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी से शिष्टाचार भेंट कर पौधा भेंट किया गया। जिला न्यायालय दमोह से एस.एन.ओझा, शमीम कुरैशी, रामकुमार अहिरवार, कुलदीप चचोंदिया, राजेश शर्मा, दीपक गुर्जर, अरूण जैन, लोकेश भार्गव, सुरेन्द्र बरदिया, गिरीश असाटी, मनोज पटेल, विजय लोधी, शांतनु राय, मनोहर गोस्वामी, योगेश रजक, हर्ष ठाकुर, विकास गौतम, यश तिवारी सहित अन्य समस्त कर्मचारीगण द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गयी।

### राय चौराहा मार्ग से बसों के प्रवेश, परिवहन अधिकारी की व्यवस्था और अवैध ऑटो संचालन पर उठाई आवाज

# बस यूनियन ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला बस यूनियन के पदाधिकारियों एवं बस संचालकों ने सोमवार को कलेक्टर प्रताप नारायण यादव एवं पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। बैठक में यात्री परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने, लंबित परिवहन कार्यों के निराकरण तथा अवैध ऑटो संचालन पर नियंत्रण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। बस यूनियन ने मांग की कि छतरपुर, पन्ना, हटा एवं टीकमगढ़ की ओर से दमोह बस स्टैंड आने वाली यात्री बसों को बायपास मार्ग के स्थान पर राय चौराहा–पलंदी चौराहा मार्ग से प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाए। यूनियन का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण बसों का काफी समय व्यर्थ होता है, जिससे आगे के गंतव्यों के लिए निर्धारित समय प्रभावित होता है। कई बार बस स्टैंड का समय भी समाप्त हो जाता है तथा समय की भरपाई के प्रयास में वाहन चालकों द्वारा तेज गति से वाहन चलाने की स्थिति बन जाती है। यूनियन ने राय चौराहा से पलंदी चौराहा तक बसों के लिए एकल मार्ग व्यवस्था लागू करने का सुझाव भी दिया। बैठक में जिला परिवहन कार्यालय की समस्याओं का मुद्दा भी उठाया गया। बस संचालकों ने बताया कि जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी के चिकित्सकीय अवकाश पर होने के कारण पिछले लगभग 15 दिनों से अनेक कार्य प्रभावित हैं। वाहनों की फिटनेस सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं लंबित पड़ी हैं। यूनियन ने नियमित अधिकारी की पदस्थापना होने तक वैकल्पिक प्रभार व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

पुलिस अधीक्षक के समक्ष ग्रामीण क्षेत्रों से संचालित हो रहे ऑटो रिक्शाओं का विषय भी रखा गया। यूनियन का आरोप है कि कई ऑटो रिक्शा बिना आवश्यक दस्तावेजों के मड़ियादो, बेरधा, गैसाबाद, रनेह सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से दमोह मुख्यालय तक संचालन कर रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार उनका संचालन सीमित क्षेत्र तक ही होना चाहिए। इससे यात्री बसों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव एवं पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने यूनियन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दमोह बस स्टैंड की व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए बस यूनियन से परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी आग्रह किया, ताकि गतिविधियों की बेहतर निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में बस यूनियन के राजा राय, शमीम कुरैशी, करण सिंह परिहार, बंटी राय, पं. अशोक पाराशर, पं. राकेश गर्ग, पं. मनोज दुबे, अमजद खान, विकास जैन, बंटी कुरैशी, अशोक जैन सहित बड़ी संख्या में बस संचालक एवं यूनियन सदस्य उपस्थित रहे।

### अवमानक एवं मिथ्याछाप पाए गए खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वालों पर कसी नकेल

## पांच खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध न्यायालयीन प्रकरण कोर्ट में पेश

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशो के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने खाद्य पदार्थों के अवमानक एवं मिथ्याछाप पाए जाने पर पांच खाद्य व्यापारियों के विरुद्ध न्यायालयीन प्रकरण अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन प्राधिकारी श्रीमति मीना मसराम के न्यायालय में प्रस्तुत किये गए। प्रस्तुत किये गए प्रकरणों में दमोह शहर में बकौली चौक स्तिथ सेठ प्यारेलाल एंड संस के संचालक स्वप्नेश अग्रवाल को अवमानक गो क्रिश ब्रांड गाय का घी का विक्रय, पलंदी चौराहा स्थित न्यू हनुमान गढ़ी स्वीट्स के संचालक विजय गुप्ता को मिथ्याछाप बर्फी का निर्माण एवं विक्रय, बाजार मोहल्ला, ग्राम नरसिंहगढ़, दमोह स्थित संदीप स्वीट्स संचालक संदीप गुप्ता को मिथ्याछाप श्री राधे कृष्णा हलवा स्वीट का विक्रय, राय चौराहा, हटा, दमोह स्थित शुभदेवा इंटरप्राइजेस के संचालक दिलीप पटेल को अवमानक पनीर एवं हजारी वार्ड हटा स्थित फूलचंद दूध डेयरी संचालक फूलचंद यादव को अवमानक पनीर का निर्माण एवं विक्रय करते हुए पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 एवं 52 के अंतर्गत प्रकरण ए.डी.एम कोर्ट में प्रस्तुत किये गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने विधिवत प्रकरण तैयार करके अभिहित अधिकारी(डी.ओ) खाद्य सुरक्षा प्रशासन, दमोह राकेश अहिरवार से प्रकरणों में लिखित अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात प्रकरण अपर कलेक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किये गए। प्रकरणों में खाद्य व्यापारियों के विरुद्ध आरोपसिद्ध होने पर अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा विधिवत खाद्य व्यापारियों के विरुद्ध जुर्माना लगाया जाएगा।


### बटियागढ़ पुलिस ने फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार, कार और देशी शराब जब्त

**दमोह।** थाना बटियागढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना के बाद फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बोलेनो कार (एमपी 20 जेडबी 2224), 1050 पाव देशी लाल मसाला शराब तथा एक वनप्लस मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं एसडीओपी पथरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रजनी शुक्ला के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। मामले में थाना बटियागढ़ में अपराध क्रमांक 156/2026 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में आनंद कुर्मी (26), निवासी विवेकानंद कॉलोनी दमोह, लकी राजपूत (23), निवासी सिविल वार्ड क्रमांक 7 दमोह तथा योगेश राय (26), निवासी ग्राम फतेरा कला, थाना बटियागढ़ शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों को 8 जून 2026 को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी रजनी शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक आनंद कुमार, प्रधान आरक्षक विशेष चौबे, नीरज कुमार तथा आरक्षक ओमप्रकाश रैकवार, सोनू कुर्मी और संदीप विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध गतिविधियों के विरुद्ध ऑपरेशन क्लीन अभियान संचालित

**दमोह।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ तथा अवैध सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान ₹ऑपरेशन क्लीन₹ लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत संदिग्ध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा आमजन से भी सहयोग की अपील है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल 112 अथवा जिला कंट्रोल रूम को प्रदान करे।

## शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए संगोष्ठी का आयोजन



**दमोह।** विद्यालय प्रारंभ के साथ शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें पटेरा विकासखंड के प्राथमिक, माध्यमिक , हाईस्कूल, हायर सेकंडरी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्राचार्य ने भाग लिया । शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन नवागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार गूजरे का नवाचार है । संगोष्ठी में उपस्थित प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपने -अपने विचार रखे । संकुल प्राचार्य श्रीमती वंदना भोज ने नियमित कक्षा संचालन एवं विषयवार पीरियड लगने पर जोर दिया । सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य विवेक नेमा द्वारा विद्यालय में छात्रों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया । वरिष्ठ शिक्षक कमलेश शर्मा द्वारा विद्यालय में अनुशासन को सर्वोपरि बताया । शिक्षक मूसा खान द्वारा शिक्षकों के सभी काम छोड़कर 10.30 परविद्यालय में उपस्थिति को महत्वपूर्ण बताया । शिक्षक प्रमोद परौहा द्वारा विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्रों को प्रोत्साहन देने की बात कही । शिक्षक कक्षा में जाते समय अपने साथ लाल स्याही का पेन अवश्य लें जायें । बच्चों को त्रुटियों से अवगत करायें एवं सही होने पर गुड देकर प्रोत्साहन करें । शिक्षक कैलाश कुर्मी द्वारा विद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा के साथ परिश्रम करने पर जोर दिया । विद्यालय के बच्चों को अपने बच्चें स्वरूप उन्हें किताबी ज्ञान के साथ आदर्श विधार्थी बनाने के प्रयास पर जोर दिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में हटा विधानसभा के विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक के प्रतिनिधि लालचंद खटीक नेता जी रहे । लालचंद खटीक ने विकासखंड पटेरा के किसी भी स्कूल में कोई भी आवश्यकता में सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहने का वचन दिय।उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय को आदर्श बनाने की बात कही । मुख्य अतिथि नेता का स्वागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे, मुलाम सिंह राजपूत एवं श पंकज जैन द्वारा किया गया। जितेन्द्र प्यासी द्वारा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक द्वारा हटा में आयोजित किए जा रहे संगीतमय नव दिवसीय श्रीमद् देवी भागवतम् एवं लोक कल्याणार्थ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा आयोजन की जानकारी दी । लालचंद खटीक द्वारा सभी शिक्षक परिवार को सादर आमंत्रण-पत्र देकर कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय बजाज ,जगदीश पटैल, महेंद्र जैन, विवेक नेमा, हरिसिंह लोधी, हेमराज सर, नीता चौरसिया, निशु नागौत्रा, कमलेश शर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा, प्रमोद परौहा, मुलायम सिंह राजपूत, राज ताम्रकार,कैलाश कुर्मी, मूसा खान, राजेन्द्र जैन, अमजद खान, सुखनंदन पटैल , शरद अठया , शिशिर पण्डया, व्रजेश सेन, शरद ताम्रकार,पंकज जैन,उमाकांत गौतम, संतोष कटारया एवं समस्त प्रधानाध्यापक प्राचार्य की उपस्थिति रही । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कैलाश कुर्मी द्वारा किया गया । कार्यक्रम समापन पर सांदीपनि विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक स्व. रामेश्वर चौरसिया, कज्जू सर के आकस्मिक निधन पर शिक्षा परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## डॉ. पलक जैन बनीं मेडिकल ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले की प्रतिभाशाली बेटी डॉ. पलक जैन ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर मेडिकल ऑफिसर के पद पर चयनित होकर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। शहर की मधुबन कॉलोनी निवासी डॉ. पलक जैन, हिरदेपुर प्राइमरी स्कूल में पदस्थ शिक्षक विनोद जैन एवं श्रीमती ज्योति जैन की सुपुत्री हैं। पलक ने डेंटिस्ट की पढ़ाई पूरी करने के बाद कड़ी मेहनत और लगन से एमपीपीएससी की परीक्षा पास कर यह मुकाम हासिल किया। परिवार में शिक्षा और सफलता की परंपरा कायम है। उनके भाई इंजीनियर विशिष्ट जैन भी अपनी उपलब्धियों से परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं। मूल रूप से बांदकपुर से संबंध रखने वाला यह परिवार वर्तमान में दमोह में निवासरत है। पलक की इस सफलता पर भावुक होते हुए उनके पिता विनोद जैन ने कहा, "पलक ने बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना देखा था। आज उसने अपनी मेहनत से न सिर्फ अपना बल्कि पूरे परिवार और दमोह जिले का सिर ऊँचा कर दिया है। सेवा का लिया संकल्पअपनी सफलता पर डॉ. पलक जैन ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि समाज की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि वह चिकित्सा क्षेत्र में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी।

### देवरा जामसा सरपंच की बेटी बनी मेडिकल ऑफिसर



**हटा।** विकासखंड की ग्राम पंचायत देवरा जामसा के सरपंच व भाजपा ग्रामीण मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष नारायण नेतराम पटेल की बिटिया डॉ रीतेश्वरी रितु का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग में मेडिकल ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। बिटिया की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के समस्त सरपंचों भाजपा नेताओं एवं कुर्मी समाज के लोगों द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी जा रही है।

## गोकुलधाम में 5 साल से अधूरी नाली बनी मुसीबत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर की गोकुलधाम कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी सामने आई है। यहां पिछले करीब 5 वर्षों से नाली निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके चलते कॉलोनीवासियों को रोजाना गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनी के मालिक राहुल सुरेखा द्वारा नाली निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन आज तक इसे पूरा नहीं कराया गया। इसके चलते कॉलोनी में पानी निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं बन पाई है और घर-घर का गंदा पानी सड़कों और गलियों में ही जमा हो रहा है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सड़कों पर जलभराव होने से आवागमन बाधित होता है, वहीं चारों ओर फैली गंदगी और बदबू से बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इस समस्या से बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों में विजयकांत पांडे, साजन असाटी, दक्ष पांडे, राजन असाटी, आकाश सोनी, नीरज ठाकुर सहित पांडे परिवार, शुक्ला परिवार एवं समस्त कॉलोनीवासी शामिल हैं, जिन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनीवासियों का कहना है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण उन्हें नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत मिल सके। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है और कॉलोनीवासियों को राहत मिलती है या नहीं।

# लापता पेट्रोल पंप मैनेजर का कुएं में मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

### सागर मेडिकल कॉलेज में 7 डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन/तेंदूखेड़ा



थाना क्षेत्र के ग्राम झलौन स्थित अरहम पेट्रोल पंप के मैनेजर रूपेश जैन (30) का शव तीन दिन बाद एक कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शव मिलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है तथा निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं, जिनके जवाब अब पुलिस जांच, फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आ सकेंगे।

जानकारी के अनुसार झलौन निवासी रूपेश जैन, पिता हुक्मचंद जैन, अरहम पेट्रोल पंप में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के मुताबिक 5 जून की रात करीब 12 बजे वह घर से अचानक लापता हो गए थे। अगले दिन तेंदूखेड़ा थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस और परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

रविवार शाम ग्राम झलौन के नन्ने कुएं पर पानी भरने पहुंचे ग्रामीणों ने कुएं में शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाया, जिसकी पहचान रूपेश जैन के रूप में हुई। शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा के शवगृह में रखा गया।

सोमवार को सागर से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच दल में आर.सी. अहिरवाल, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान एसडीएम सी.जी. गोस्वामी, एसडीओपी अर्चना अहीर, थाना प्रभारी रविंद्र बागड़ी, तहसीलदार विवेक व्यास, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुडे एवं तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

मृतक के भाई दीपेश जैन ने आरोप लगाया कि रूपेश ने आत्महत्या नहीं की है। उन्होंने कहा कि उनके भाई पर कार्यस्थल से संबंधित दबाव बनाया जा रहा था और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। परिजनों ने पेट्रोल पंप संचालक शिवांजय जैन की भूमिका पर भी संदेह व्यक्त किया है।

वहीं झलौन के सरपंच प्रतिनिधि चक्रेश जैन ने दावा किया कि रूपेश के मोबाइल फोन में एक हस्तलिखित पत्र मिला है, जिसमें महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि पत्र पुलिस को सौंप दिया गया है और मामले की गहन जांच आवश्यक है।

ग्रामीणों ने भी कई सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जिस कुएं से शव मिला, वहां प्रतिदिन लोग पानी भरने जाते हैं, फिर भी किसी को शव दिखाई नहीं दिया। साथ ही शव की स्थिति को लेकर भी ग्रामीणों ने संदेह व्यक्त किया है।

परिजनों ने तेंदूखेड़ा में पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद शव सागर भेजा गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम किया।

दूसरी ओर पेट्रोल पंप संचालक शिवांजय जैन ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि वे पुलिस जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मोबाइल में मिले पत्र में किसी प्रकार की प्रताड़ना का उल्लेख नहीं है।

#### सीबीएमओ का बयान

तेंदूखेड़ा सीबीएमओ डॉ. अशोक बरौनियां ने बताया कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर के छह विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया, जबकि सातवें सदस्य के रूप में वे स्वयं शामिल रहे।

#### एसडीओपी का बयान

एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया कि परिजनों की मांग वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई गई थी। अनुमति मिलने के बाद शव का सागर में पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है और किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पत्रकारों पर हो रहे हमलों को लेकर तहसील पत्रकार संघ ने की बैठक

राष्ट्पति-प्रधानमंत्री के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन



**जबेरा।** नगर में इस समय भू माफियाओं के द्वारा पत्रकारों पर बढ़ते हमलों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हो रहे प्रहारों को लेकर रविवार शाम 5 बजे जबेरा तहसील पत्रकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक संघ के संरक्षक संतोष शर्मा एवं तहसील अध्यक्ष संतोष तिवारी की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में पत्रकार देवी प्रसाद शर्मा ने क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अवैध उत्खनन की खबरों के संकलन और कवरेज के दौरान विगत दिनों नगर के पत्रकारों के साथ उत्खननकर्ताओं द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना को लेकर पत्रकारों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। तहसील पत्रकार संघ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए शासन एवं प्रशासन से मांग की हैं कि पत्रकार सुरक्षा कानून को जल्द से जल्द लागू किया जाए, ताकि पत्रकार निर्भय होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब समाज और जनता की आवाज उठाने वाले पत्रकार ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो लोकतंत्र की मजबूती पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होगा। बैठक में पत्रकारों पर हमले करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि आगामी बुधवार को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा। पत्रकार संघ ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे पत्रकारों की सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हो सके। बैठक में किशन शर्मा, राजेंद्र जैन, ओमप्रकाश शर्मा, संदीप दुबे, नारायण शर्मा, मयंक जैन, अमित तिवारी, प्रवीण दुबे सहित तहसील पत्रकार संघ के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के अनेक पत्रकारो की उपस्थिती रही।

### तहसील स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**दमोह।** अखिल विश्व गायत्री परिवार दमोह, प्रज्ञा पीठ बड़ी देवी मंदिर में जिला समन्वय समिति के द्वारा पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष डॉ राम कृष्ण कुसमरिया की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया जिसमें उपजोन समन्वयक दिलीप कटारे, उपजोन सह समन्वयक राम कृपाल राय एवं जिला समन्वयक डी.पी. बोहरे के साथ सभी तहसील समन्वयक एवं सभी गायत्री परिवार के सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर माननीय डॉ. कुसमरिया के द्वारा जिला समन्वयक एवं व्यवस्थापक कार्यालय का उद्घाटन किया गया( इस अवसर पर कुसमरिया के द्वारा सभी परिजनों को शुभकामनाएं दी।

**आम सूचना**

शपथकर्ता संध्या पटेल, पति श्री मनोज पटेल, निवासी सीतानगर, तहसील पथरिया, जिला दमोह (म.प्र.) ने शपथपूर्वक कथन किया है कि उनके एस.बी.आई. कियोस्क खाता क्रमांक 35953695465 में उनका नाम "आरती पटेल" दर्ज है, जबकि उनके आधार कार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में उनका नाम "संध्या पटेल पति मनोज पटेल" अंकित है। शपथकर्ता ने स्पष्ट किया है कि आरती पटेल एवं संध्या पटेल दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा उक्त दोनों नामों से उन्हें जाना एवं पहचाना जाता है।

शपथकर्ता

संध्या पटेल पति श्री मनोज पटेल
निवासी सीतानगर, तह पथरिया, जिला दमोह